# TOPPERSEXAM.COM

13-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया सोसाइटी की 28वीं बैठक आयोजित हुई
- भारत-ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी (पीएसीटीएस)
- अस्त्र एमके 1 (Astra Mk 1) मिसाइल
- इसरो ने एलवीएम3-एम7 के लिए सीई20 क्रायोजेनिक इंजन को मंजूरी दी
- पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया
- दिल्ली में 1 अगस्त से मुफ्त बस यात्रा के लिए पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड अनिवार्य होगा
- विश्व बैंक ने रूफटॉप सोलर प्रोग्राम के लिए 890 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी
- उच्च शिक्षा में तमिलनाडु भारत में शीर्ष स्थान पर है (जीईआर)

## 1. वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया सोसाइटी की 28वीं बैठक आयोजित हुई



9 जुलाई 2026 को कोयंबटूर स्थित केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी (CASFOS) में पुनर्गठित वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) सोसाइटी की 28वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। यह पुनर्गठन के बाद नई सोसाइटी की पहली बैठक थी। बैठक में अगले तीन वर्षों के वैज्ञानिक रोडमैप को मंजूरी दी गई। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने, तकनीक आधारित वन्यजीव प्रबंधन और क्षमता निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। संस्थान के अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यों को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के अनुरूप बनाने पर चर्चा हुई। WII भारत में वन्यजीव अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण और वन्यजीव प्रबंधन के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था है।

## 2. भारत-ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी (पीएसीटीएस)




भारत और ऑस्ट्रेलिया ने Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology (PACTS) के माध्यम से साइबर सुरक्षा एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सहयोग को नई दिशा दी है। यह पहल व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2020 के साइबर सहयोग ढांचे पर आधारित है। इसके अंतर्गत दोनों देश AI, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI), रक्षा अनुसंधान तथा सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर मिलकर कार्य करेंगे। साझेदारी का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षित, समावेशी एवं नियम-आधारित डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देना, तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा आर्थिक एवं रणनीतिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना है।

## 3. अस्त्र एमके 1 (Astra Mk 1) मिसाइल



भारत और इंडोनेशिया ने जकार्ता में आयोजित द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान स्वदेशी अस्त्र Mk-1 हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल की आपूर्ति के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। DRDO द्वारा विकसित और BDL द्वारा निर्मित यह भारत की पहली स्वदेशी Beyond Visual Range Air-to-Air Missile (BVRAAM) है। यह लगभग मैक 4.5 की गति से 80–110 किमी तक के हवाई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। यह समझौता भारत के रक्षा निर्यात, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन तथा भारत-इंडोनेशिया रणनीतिक सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगा।

## 4. इसरो ने एलवीएम3-एम7 के लिए सीई20 क्रायोजेनिक इंजन को मंजूरी दी



ISRO ने 6 जुलाई 2026 को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी स्थित ISRO Propulsion Complex में CE20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह इंजन LVM3-M7 मिशन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण में उपयोग किया जाएगा। परीक्षण के दौरान पहली बार नई नोजल सुरक्षा प्रणाली का सफल उपयोग किया गया। CE20 इंजन पहले ही चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और अन्य LVM3 मिशनों में अपनी विश्वसनीयता सिद्ध कर चुका है। साथ ही इसने गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए आवश्यक Human-Rating मानकों को भी पूरा कर लिया है, जिससे भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता को महत्वपूर्ण मजबूती मिलेगी।

### 5. पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जकार्ता यात्रा के दौरान इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने में उनके योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया। मोदी, जवाहरलाल नेहरू के बाद यह सम्मान प्राप्त करने वाले दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री बने। इस अवसर पर दोनों देशों ने रक्षा, महत्त्वपूर्ण खनिज, कृषि, समुद्री सहयोग, उभरती प्रौद्योगिकियों तथा शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। यह यात्रा भारत-इंडोनेशिया द्विपक्षीय संबंधों और इंडो-पैसिफिक सहयोग को नई गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



### 6. दिल्ली मे 1 अगस्त से मुफ्त बस यात्रा के लिए पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड अनिवार्य होगा

दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि 1 अगस्त 2026 से DTC और क्लस्टर बसों में महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर यात्रियों की मुफ्त यात्रा केवल पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड के माध्यम से होगी। यह कार्ड 'एक राष्ट्र, एक कार्ड' और National Common Mobility Card (NCMC) प्लेटफॉर्म से जुड़ा है। 31 जुलाई 2026 के बाद गुलाबी कागजी टिकट मान्य नहीं होंगे। यह योजना 12 वर्ष या उससे अधिक आयु की दिल्ली निवासी महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए लागू है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन में डिजिटल सत्यापन, पारदर्शिता और समावेशी डिजिटल शासन को बढ़ावा देना है




### 7. विश्व बैंक ने रूफटॉप सोलर प्रोग्राम के लिए 890 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी

विश्व बैंक ने PM सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के लिए 890 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। यह योजना देश के 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने पर केंद्रित है। वित्तपोषण में IBRD, Clean Technology Fund और Livable Planet Fund का योगदान शामिल है। इस परियोजना से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, निजी निवेश और लगभग 17 लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। यह पहल भारत के 2070 नेट-ज़ीरो लक्ष्य तथा 2035 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता बढ़ाने की राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को मजबूत करेगी।



### 8. उच्च शिक्षा मे तंमिलनाडु भारत मे शंीर्ष स्थान पर है (जीईआर)

AISHE 2023-24 के अनुसार, तमिलनाडु ने 52.3% सकल नामांकन अनुपात (GER) के साथ उच्च शिक्षा में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह राष्ट्रीय औसत 30% से काफी अधिक है। राज्य में लगातार तीसरे वर्ष महिलाओं का GER (53.1%) पुरुषों (51.6%) से अधिक रहा। 18–23 वर्ष आयु वर्ग के 35.8 लाख युवाओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया। यह उपलब्धि तमिलनाडु में उच्च शिक्षा की बेहतर पहुँच, लैंगिक समावेशन और शैक्षणिक अवसंरचना की मजबूती को दर्शाती है।

**1. वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) सोसाइटी की 28वीं बैठक कहाँ आयोजित की गई ?**

A - देहरादून　　B - भोपाल

**C - कोयंबटूर**　　D - गुवाहाटी

9 जुलाई 2026 को वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) सोसाइटी की 28वीं बैठक केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी (CASFOS), कोयंबटूर मे आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। यह पुनर्गठित सोसाइटी की पहली बैठक थी। इसमे अगले तीन वर्षों के वैज्ञानिक रोडमैप को स्वीकृति दी गई। बैठक मे मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने, तकनीक आधारित वन्यजीव प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया।




**2. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साइबर एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहयोग पहल का नाम क्या है ?**

A - AUKUS　　**B - PACTS**

C - QUAD Plus　　D - Indo-Tech

PACTS (Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology) भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साइबर एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहयोग का नया ढांचा है। यह 2020 के साइबर सहयोग समझौते तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित है। इसके अंतर्गत AI, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI), रक्षा अनुसंधान और सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सहयोग बढ़ाया जाएगा।



**3. अस्त्र Mk-1 किस प्रकार की मिसाइल है ?**

A - Surface-to-Air　　B - Air-to-Ground

**C - Air-to-Air (BVRAAM)**　　D - Cruise Missile

अस्त्र Mk-1 भारत की पहली स्वदेशी Beyond Visual Range Air-to-Air Missile (BVRAAM) है। इसे DRDO ने विकसित तथा BDL ने निर्मित किया है। यह लगभग मैक 4.5 की गति से 80–110 किमी तक के हवाई लक्ष्यों को भेद सकती है। भारत और इंडोनेशिया ने इसकी आपूर्ति के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए है। यह मिसाइल भारतीय वायुसेना की लंबी दूरी की वायु युद्ध क्षमता को बढ़ाती है और भारत के रक्षा निर्यात को भी मजबूत करती है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



**4. CE20 क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किस प्रक्षेपण यान मे किया जाता है ?**

A - PSLV　　B - SSLV

C - GSLV Mk-II　　**D - LVM3**

CE20 भारत का स्वदेशी क्रायोजेनिक अपर-स्टेज इंजन है, जिसका उपयोग LVM3 प्रक्षेपण यान मे किया जाता है। ISRO ने इसका उड़ान स्वीकृति परीक्षण महेद्रंगिरी स्थित ISRO Propulsion Complex मे सफलतापूर्वक किया। यह इंजन LVM3-M7 मिशन मे प्रयुक्त होगा। CE20 पहले चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और कई वाणिज्यिक मिशनों मे सफल रहा है। इसने गगनयान मिशन के लिए आवश्यक Human-Rating मानकों को भी पूरा किया है। यह भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी मे आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण उदाहरण है।



**5. 'बिंतांग आदिपूर्णा' किस देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है ?**

A - मलेशिया
**B - इंडोनेशिया**
C - सिंगापुर
D - वियतनाम

बिंतांग आदिपूर्णा इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। जुलाई 2026 मे प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को यह सम्मान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रदान किया। मोदी यह सम्मान प्राप्त करने वाले जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री बने। यह सम्मान भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने मे उनके योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर रक्षा, कृषि, समुद्री सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज तथा उभरती प्रौद्योगिकी सहित कई समझौतों पर भी हस्ताक्षर हुए।



**6. पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड किस राज्य/केद्रंशासित प्रदेश की योजना है ?**

A - महाराष्ट्र
**B - दिल्ली**
C - गुजरात
D - कर्नाटक


पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड दिल्ली सरकार की डिजिटल सार्वजनिक परिवहन योजना है। 1 अगस्त 2026 से DTC एवं क्लस्टर बसों मे महिलाओं और ट्रांसजेडंर यात्रियों की मुफ्त यात्रा केवल इसी कार्ड के माध्यम से होगी। यह National Common Mobility Card (NCMC) प्लेटफॉर्म से जुड़ा है। इसका उद्देश्य डिजिटल सत्यापन, पारदर्शिता और समावेशी शासन को बढ़ावा देना है। 31 जुलाई 2026 के बाद गुलाबी कागजी टिकट अमान्य हो जाएंगे। यह योजना 12 वर्ष या उससे अधिक आयु की दिल्ली निवासी महिलाओं और ट्रांसजेडंर व्यक्तियों के लिए लागू है।




**7. PM सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना को किस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने 890 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण स्वीकृत किया ?**

A - IMF
B - ADB
**C - World Bank**
D - AIIB


विश्व बैंक (World Bank) ने PM सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के लिए 890 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है। इस पैकेज मे IBRD, Clean Technology Fund और Livable Planet Fund का योगदान शामिल है। योजना का लक्ष्य देश के 1 करोड़ घरों मे रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है। इससे लगभग 17 लाख रोजगार सृजित होने तथा निजी निवेश बढ़ने की उम्मीद है। यह भारत के 2070 नेट-ज़ीरो लक्ष्य और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को गति देगा।



**8. AISHE 2023-24 के अनुसार उच्च शिक्षा मे सर्वाधिक सकल नामांकन अनुपात (GER) किस राज्य का रहा ?**

A - केरल
B - कर्नाटक
**C - तमिलनाडु**
D - महाराष्ट्र

AISHE 2023-24 के अनुसार तमिलनाडु ने 52.3% GER के साथ देश मे पहला स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय औसत 30% से काफी अधिक है। राज्य मे लगातार तीसरे वर्ष महिलाओं का GER पुरुषों से अधिक रहा। 18–23 वर्ष आयु वर्ग के 35.8 लाख युवाओं ने उच्च शिक्षा मे प्रवेश लिया। यह उपलब्धि राज्य मे उच्च शिक्षा की बेहतर पहुँच, लैंगिक समानता और मजबूत शैक्षणिक अवसंरचना को दर्शाती है।



# One Liner

1. CE20 क्रायोजेनिक इंजन किस भारतीय प्रक्षेपण यान के लिए विकसित किया गया है ? - LVM3

2. AISHE 2023-24 के अनुसार उच्च शिक्षा मे संर्वाधिक सकल नामांकन अनुपात (GER) वाला राज्य कौन-सा है ? - तमिलनाडु

3. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को इंडोनेशिया का कौन-सा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया ? - बिंतांग आदिपूर्णा (Bintang Adipurna)

4. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साइबर एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहयोग पहल का नाम क्या है ? - PACTS (Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology)

5. 1 अगस्त 2026 से दिल्ली मे मंहिलाओं एवं ट्रांसजेडंर यात्रियों की मुफ्त बस यात्रा के लिए कौन-सा कार्ड अनिवार्य होगा ? - पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड

6. CE20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति परीक्षण किस ISRO केद्रं मे किया गया ? - ISRO Propulsion Complex (IPRC), महेद्रंगिरी, तमिलनाडु

7. भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा समझौते के तहत किस स्वदेशी मिसाइल की आपूर्ति पर सहमति बनी ? - अस्त्र Mk-1 (Astra Mk-1)

8. PM सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के लिए 890 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण किस संस्था ने स्वीकृत किया ? - विश्व बैकं (World Bank)

9. वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) सोसाइटी की 28वीं बैठक कहाँ आयोजित की गई ? - कोयंबटूर (केद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी - CASFOS)

10. PM सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के तहत कितने घरों मे रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा गया है ? - 1 करोड़ घर

# TOPPERSEXAM.COM

13-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- 28th meeting of Wildlife Institute of India Society held
- India-Australia Partnership (PACTS)
- Astra Mk 1 missile
- ISRO approves CE20 cryogenic engine for LVM3-M7
- PM Modi honoured with Indonesia's highest civilian honour
- Pink Saheli smart card to be mandatory for free bus travel in Delhi from August 1
- World Bank approves $890 million for rooftop solar program
- Tamil Nadu ranks top in India in Higher Education (GER)

## 1. 28th Meeting of the Wildlife Institute of India Society Held

The 28th meeting of the reconstituted Wildlife Institute of India (WII) Society was held on July 9, 2026, at the Central Academy for State Forest Service (CASFOS) in Coimbatore. The meeting was chaired by Bhupender Yadav, the Union Minister for Environment, Forest and Climate Change. This was the first meeting of the new Society following its reconstitution. A scientific roadmap for the next three years was approved during the meeting. Special emphasis was placed on mitigating human-wildlife conflict, technology-based wildlife management, and capacity building. Discussions were held on aligning the institute's research and training activities with the goal of 'Viksit Bharat @2047' (Developed India @2047).



## 2. India-Australia Partnership (PACTS)

India and Australia have given a new direction to their cooperation in cybersecurity and critical technologies through the 'Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology' (PACTS). This initiative builds upon the Comprehensive Strategic Partnership and the 2020 cyber cooperation framework. Under this partnership, both nations will collaborate on AI, semiconductors, space technology, cybersecurity, Digital Public Infrastructure (DPI), defense research, and secure supply chains. The partnership aims to promote a secure, inclusive, and rules-based digital order in the Indo-Pacific region, encourage technological innovation, and strengthen economic and strategic security.




## 3. Astra Mk 1 Missile

India and Indonesia signed a defense agreement for the supply of the indigenous Astra Mk-1 air-to-air missile during a bilateral summit held in Jakarta. Developed by DRDO and manufactured by BDL, this is India's first indigenous Beyond Visual Range Air-to-Air Missile (BVRAAM). It is capable of engaging aerial targets at ranges of 80–110 km at speeds of approximately Mach 4.5. This agreement will provide a significant boost to India's defense exports, self-reliant defense production, and the India-Indonesia strategic partnership.



## 4. ISRO Approves CE20 Cryogenic Engine for LVM3-M7

On July 6, 2026, ISRO successfully completed the flight acceptance test of the CE20 cryogenic engine at the ISRO Propulsion Complex in Mahendragiri, Tamil Nadu. This engine will be used in the cryogenic upper stage of the LVM3-M7 mission. A new nozzle protection system was successfully utilized for the first time during the test. The CE20 engine has already proven its reliability in the Chandrayaan-2, Chandrayaan-3, and other LVM3 missions. Additionally, it has met the human-rating standards required for the Gaganyaan human spaceflight mission, significantly bolstering India's human spaceflight capabilities.



## 5. PM Modi Honoured with Indonesia's Highest Civilian Award



**Prime Minister Narendra Modi was honoured with Indonesia's highest civilian award, the 'Bintang Adipurna', during his visit to Jakarta. President Prabowo Subianto conferred this honour in recognition of his contribution to strengthening the India-Indonesia Comprehensive Strategic Partnership. Modi became the second Indian Prime Minister, after Jawaharlal Nehru, to receive this honour. On this occasion, both nations signed Memorandums of Understanding (MoUs) across several sectors, including defence, critical minerals, agriculture, maritime cooperation, emerging technologies, and education. This visit is considered significant for imparting new momentum to India-Indonesia bilateral relations and Indo-Pacific cooperation.**

## 6. 'Pink Saheli' Smart Card Mandatory for Free Bus Travel in Delhi Starting August 1




**The Delhi government has announced that, effective August 1, 2026, free travel for women and transgender passengers on DTC and cluster buses will be available exclusively through the 'Pink Saheli' Smart Card. This card is linked to the 'One Nation, One Card' initiative and the National Common Mobility Card (NCMC) platform. Pink paper tickets will cease to be valid after July 31, 2026. The scheme applies to female and transgender residents of Delhi aged 12 years and above. Its objective is to promote digital verification, transparency, and inclusive digital governance in public transport.**

## 7.



**The World Bank has approved an $890 million financing package for the 'PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana' (PM Solar Home: Free Electricity Scheme). This scheme focuses on installing rooftop solar panels on 10 million (1 crore) households across the country. The financing includes contributions from the IBRD, the Clean Technology Fund, and the Livable Planet Fund. The project is expected to generate clean energy, attract private investment, and create approximately 1.7 million jobs. This initiative will strengthen India's 2070 net-zero goal and its national commitments to increase non-fossil fuel energy capacity by 2035.**

## 8. Tamil Nadu Tops India in Higher Education (GER)

**According to AISHE 2023-24, Tamil Nadu has secured the top spot in the country for higher education with a Gross Enrolment Ratio (GER) of 52.3%. This is significantly higher than the national average of 30%. For the third consecutive year, the GER for women (53.1%) in the state surpassed that of men (51.6%). A total of 3.58 million (35.8 lakh) youths in the 18–23 age group enrolled in higher education. This achievement reflects improved access to higher education, gender inclusion, and robust educational infrastructure in Tamil Nadu.**

AISHE
All India Survey on Higher Education
Department of Higher Education
Ministry of Education

**1. Where was the 28th meeting of the Wildlife Institute of India (WII) Society held?**

A - Dehradun | B - Bhopal

**C - Coimbatore** | D - Guwahati

The 28th meeting of the Wildlife Institute of India (WII) Society was held on July 9, 2026, at the Central Academy for State Forest Service (CASFOS), Coimbatore. It was chaired by Bhupender Yadav, the Union Minister for Environment, Forest and Climate Change. This was the first meeting of the reconstituted society. A scientific roadmap for the next three years was approved during the meeting.




**2. What is the name of the cyber and critical technology cooperation initiative between India and Australia?**

A - AUKUS | **B - PACTS**

C - QUAD Plus | D - Indo-Tech

PACTS (Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology) is a new framework for cyber and critical technology cooperation between India and Australia. It builds upon the 2020 cyber cooperation agreement and the Comprehensive Strategic Partnership. Under this initiative, cooperation will be enhanced in areas such as AI, semiconductors, space technology, cybersecurity, Digital Public Infrastructure (DPI), defense research, and secure supply chains.



**3. What type of missile is the Astra Mk-1?**

A - Surface-to-Air | B - Air-to-Ground

**C - Air-to-Air (BVRAAM)** | D - Cruise Missile

Astra Mk-1 is India's first indigenous Beyond Visual Range Air-to-Air Missile (BVRAAM). It was developed by DRDO and manufactured by BDL. It can engage aerial targets at a range of 80–110 km at a speed of approximately Mach 4.5. India and Indonesia have signed a defense agreement for its supply. This missile enhances the Indian Air Force's long-range air combat capability and strengthens India's defense exports. It is a significant achievement of the 'Atmanirbhar Bharat' (Self-Reliant India) initiative.



**4. In which launch vehicle is the CE20 cryogenic engine used?**

A - PSLV | B - SSLV

C - GSLV Mk-II | **D - LVM3**

CE20 is India's indigenous cryogenic upper-stage engine, used in the LVM3 launch vehicle. ISRO successfully conducted its flight acceptance test at the ISRO Propulsion Complex in Mahendragiri. This engine will be used in the LVM3-M7 mission. The CE20 has previously been successful in the Chandrayaan-2, Chandrayaan-3, and several commercial missions. It has also met the human-rating standards required for the Gaganyaan mission. It is a significant example of India's self-reliance in space technology.



**5. 'Bintang Adipurna' is the highest civilian honor of which country?**

A - Malaysia
B - Indonesia
C - Singapore
D - Vietnam

Bintang Adipurna is the highest civilian honor of Indonesia. Prime Minister Narendra Modi was conferred this honor by President Prabowo Subianto in July 2026. Modi became the second Indian Prime Minister, after Jawaharlal Nehru, to receive this honor. It was awarded in recognition of his contribution to strengthening the India-Indonesia Comprehensive Strategic Partnership. Several agreements were also signed on this occasion, covering areas such as defense, agriculture, maritime cooperation, critical minerals, and emerging technologies.



**6. The 'Pink Saheli Smart Card' is a scheme of which state/union territory?**

A - Maharashtra
B - Delhi
C - Gujarat
D - Karnataka


The Pink Saheli Smart Card is a digital public transport scheme of the Delhi government. Starting August 1, 2026, free travel for women and transgender passengers on DTC and cluster buses will be available exclusively through this card. It is linked to the National Common Mobility Card (NCMC) platform. Its objective is to promote digital verification, transparency, and inclusive governance. Pink paper tickets will become invalid after July 31, 2026. The scheme applies to female residents and transgender individuals of Delhi aged 12 years or older.




**7. Which international institution approved $890 million in financing for the 'PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana' (Free Electricity Scheme)?**

A - IMF
B - ADB
C - World Bank
D - AIIB


The World Bank has approved $890 million in financing for the 'PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana'. This package includes contributions from the IBRD, the Clean Technology Fund, and the Livable Planet Fund. The scheme aims to install rooftop solar panels on 10 million (1 crore) households across the country. It is expected to generate approximately 1.7 million jobs and boost private investment. This initiative will accelerate India's 2070 net-zero goal and its clean energy transition.



**8. According to AISHE 2023-24, which state recorded the highest Gross Enrolment Ratio (GER) in higher education?**

A - Kerala
B - Karnataka
C - Tamil Nadu
D - Maharashtra

According to AISHE 2023-24, Tamil Nadu secured the top position in the country with a GER of 52.3%. This is significantly higher than the national average of 30%. For the third consecutive year, the GER for women in the state remained higher than that for men. 3.58 million (35.8 lakh) youths in the 18–23 age group enrolled in higher education. This achievement reflects improved access to higher education, gender parity, and robust educational infrastructure in the state.



# One Liner

1. At which ISRO center was the flight acceptance test of the CE20 cryogenic engine conducted? - ISRO Propulsion Complex (IPRC), Mahendragiri, Tamil Nadu

2. Which highest civilian honor of Indonesia was conferred upon Prime Minister Narendra Modi? - Bintang Adipurna

3. Which institution approved $890 million in financing for the 'PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana' (Free Electricity Scheme)? - World Bank

4. Which card will be mandatory for free bus travel for women and transgender passengers in Delhi starting August 1, 2026? - Pink Saheli Smart Card

5. What is the name of the cyber and critical technology cooperation initiative between India and Australia? - PACTS (Partnership for Australia-India Cyber and Critical Technology)

6. What is the target number of households for installing rooftop solar under the 'PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana'? - 1 crore households

7. Under the defense agreement between India and Indonesia, the supply of which indigenous missile was agreed upon? - Astra Mk-1

8. Where was the 28th meeting of the Wildlife Institute of India (WII) Society held? - Coimbatore (Central Academy for State Forest Service - CASFOS)

9. For which Indian launch vehicle has the CE20 cryogenic engine been developed? - LVM3

10. According to AISHE 2023-24, which state has the highest Gross Enrolment Ratio (GER) in higher education? - Tamil Nadu